# EMRS
# TGT

## Previous Year Paper
(Hindi)
23 Dec, 2023

## PART - I / भाग - I

## GENERAL AWARENESS / सामान्य जागरुकता

1. According to the Economic Survey of India 2022-23, the Gross Enrolment Ratio in schools has seen a decline in 2021-22 in comparison with 2013-14 for which of the following levels ?

(a) Primary

(b) Upper primary

(c) Secondary

Choose the correct answer from the codes given below.

(1) Only (c)

(2) Only (b) and (c)

(3) Only (a)

(4) Only (b)

1. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार निम्नलिखित में से किसी स्तर पर 2013-14 की तुलना में 2021-22 में विद्यालयों में सकल नामांकन अनुपात में गिरावट देखी गई है ?

(a) प्राथमिक

(b) उच्च प्राथमिक

(c) माध्यमिक

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) केवल (c)

(2) केवल (b) और (c)

(3) केवल (a)

(4) केवल (b)

2. Which of the following women's hockey teams won the Torneo del Centenario 2023 title ?

(1) People's Republic of China

(2) India

(3) Spain

(4) England

2. निम्नलिखित में से किस महिला हॉकी टीम ने टोरनियो डेल सेंटेनारीयो 2023 का खिताब जीता ?

(1) चीन जनवादी गणराज्य

(2) भारत

(3) स्पेन

(4) इंग्लैंड

3. 'Alamgir Nama' is the chronicle of the reign of which of the following Mughal emperors ?

(1) Aurangzeb

(2) Bahadur Shah Zafar

(3) Jahangir

(4) Shah Jahan

3. 'आलमगीर नामा' निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह के शासन का इतिहास है ?

(1) औरंगज़ेब

(2) बहादुर शाह जफ़र

(3) जहाँगीर

(4) शाहजहाँ

4. Which of the following is an example of a permanent executive in India ?

(1) A Civil Servant

(2) The Prime Minister of India

(3) A Central Cabinet Minister

(4) The Governor of a State

4. निम्नलिखित में से कौन सा भारत में एक स्थायी प्रशासक का उदाहरण है ?

(1) लोक सेवक

(2) भारत के प्रधानमंत्री

(3) केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री

(4) राज्य का राज्यपाल

5. In which country is the first ever Indian Institute of Technology (IIT) campus outside India going to be set up ?

(1) Ghana

(2) Nigeria

(3) South Africa

(4) Tanzania

5. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का भारत से बाहर पहला कैंपस किस देश में स्थापित किया जाएगा ?

(1) घाना

(2) नाइजीरिया

(3) दक्षिण अफ्रिका

(4) तंजानिया

6. When an ant bites a human, what does it inject into the human skin ?

(1) Calamine solution

(2) Formic acid

(3) Sodium hydrogencarbonate

(4) Zinc carbonate

6. जब कोई चींटी किसी व्यक्ति को काटती है तो यह उसकी त्वचा के भीतर क्या डाल देती है ?

(1) कैलामाइन घोल

(2) फार्मिक एसिड

(3) सोडियम हाइड्रोजनकार्बोनेट

(4) जिंक कार्बोनेट

7. Which of the following statements is correct in relation to the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, 2009 (RTE) ?

(1) No child is denied admission in a school according to this Act, for the lack of age proof.

(2) The Act applies to the whole of India except the state of Jammu and Kashmir.

(3) Elementary Education in this Act is defined as education from class 1 to 6.

(4) The Act provides for free education to all children upto the age of 16.

7. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (RTE) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है ?

(1) इस अधिनियम के अनुसार किसी भी बालक को आयु के प्रमाण के अभाव में विद्यालय में प्रवेश देने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

(2) यह अधिनियम जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर समस्त भारत पर लागू होता है।

(3) इस अधिनियम में प्रारंभिक शिक्षा को कक्षा - 1 से 6 तक की शिक्षा के रूप में परीभाषित किया गया है।

(4) अधिनियम सभी बालकों को 16 वर्ष की आयु तक नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान करता है।

8. The longitudinal valley lying between lesser Himalaya and the Shivaliks are known as ________.

(1) Kullus

(2) Pir Panjal Range

(3) Purvanchals

(4) Duns

8. लघु हिमालय और शिवालिक के बीच पड़ने वाली देशान्तरी घाटी ________ कहलाती है।

(1) कुल्लू

(2) पीर पंजाल शृंखला

(3) पूर्वांचल

(4) दून

9. Which of the following pairs of the places of historical significance and the countries within which they fall, is matched correctly ?

(1) Nuremberg - France

(2) Rivonia - South Africa

(3) Versailles - Germany

(4) St. Petersburg - England

9. ऐतिहासिक महत्व के स्थानों और संबंधित देशों के युग्मों में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?

(1) न्यूरेमबर्ग - फ्रांस

(2) रिवोनिया - दक्षिण अफ्रीका

(3) वर्साय - जर्मनी

(4) सेंट पीटर्सबर्ग - इंग्लैंड

10. Which of the following industrialists was awarded the Padma Bhushan 2023 in the field of Trade and Industry ?

(1) Adar Poonawalla

(2) Gautam Adani

(3) Mukesh Ambani

(4) Kumar Mangalam Birla

10. व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में वर्ष 2023 का पद्म भूषण पुरस्कार निम्नलिखित में से किस उद्योगपती को प्रदान किया गया है ?

(1) अदार पूनावाला

(2) गौतम अडाणी

(3) मुकेश अंबानी

(4) कुमार मंगलम बिरला

## PART - II / भाग - II
## REASONING ABILITY / तर्क क्षमता

11. In this question, a question is followed by two statements numbered (I) and (II). You have to decide whether the data provided in the statements are sufficient to answer the question. Read both the statements and decide the appropriate answer.

How many students of class $11^{th}$ have got exactly 80% marks in Physics in annual examination, if total number of students in the class is 80 ?

(I) 45 students of class $11^{th}$ have got more than 80% marks in Physics in annual examination.

(II) 30 students of class $11^{th}$ have got less than 80% marks in Physics in annual examination.

(1) Either statement (I) or (II) alone is sufficient to answer the question

(2) Both statements (I) and (II) together are necessary to answer the question

(3) Statement (I) alone is sufficient while (II) alone is not sufficient to answer the question

(4) Statement (II) alone is sufficient while (I) alone is not sufficient to answer the question

11. इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर तय करें।

यदि 11 वीं कक्षा में छात्रों की कुल संख्या 80 है, तो कक्षा के कितने छात्रों ने वार्षिक परीक्षा में भौतिकी में ठीक 80% अंक प्राप्त किए हैं ?

(I) कक्षा 11वीं के 45 विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में भौतिक विज्ञान में 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

(II) 11 वीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में भौतिकी विज्ञान में 80% से कम अंक मिले हैं।

(1) या तो कथन अकेले (I) या अकेले (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

(2) प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन (I) तथा (II) दोनों की एक साथ आवश्यकता है।

(3) अकेले कथन (I) पर्याप्त है जबकि अकेले (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त नहीं है।

(4) अकेले कथन (II) पर्याप्त है जबकि अकेले (I) प्रश्न का उत्तर देने के लिये पर्याप्त नहीं है।

12. Three statements have been given, which are followed by two conclusions (I) and (II). Assuming that the given statements are true, find out which of the conclusion(s) is/are definitely true.

**Statements :** $P < T$, $Y > W$, $P \geqslant Y$

Conclusions : (I) $W \leq P$

(II) $T > Y$

(1) Both conclusions (I) and (II) are true.

(2) Neither conclusion (I) nor (II) is true.

(3) Only conclusion (I) is true.

(4) Only conclusion (II) is true.

12. तीन कथन दिए गए हैं, जिनके बाद दो निष्कर्ष (I) और (II) दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिए गए कथन सत्य हैं, पता लगाएं कि कौन सा (से) निष्कर्ष निश्चित रूप से सत्य है (हैं)।

**कथन :** $P < T$, $Y > W$, $P \geqslant Y$

**निष्कर्ष :** (I) $W \leq P$

(II) $T > Y$

(1) निष्कर्ष (I) और (II) दोनों ही सत्य हैं।

(2) न ही निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है।

(3) केवल निष्कर्ष (I) सत्य है।

(4) केवल निष्कर्ष (II) सत्य है।

13. In this question, three statements are given, followed by two conclusions numbered (I) and (II). Assuming that the information given in the statements are true, even if they seem to be at variance with commonly known facts, decide which of the conclusion(s) logically follows/follow from the statements.

Statements : All caps are socks.

All frocks are masks.

All masks are socks.

Conclusions :

(I) Some frocks are caps.

(II) Some masks are caps.

(1) Both conclusions (I) and (II) follow

(2) Neither conclusion (I) nor (II) follows

(3) Only conclusion (I) follows

(4) Only conclusion (II) follows

13. इस प्रश्न में, तीन कथन दिए गए हैं जिसके बाद दो निष्कर्ष (I) और (II) दिए गए हैं। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है चाहे वह सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न ही क्यों न हो, यह निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से कथनों से तार्किक रूप से निकलता है/निकलते हैं।

**कथन :** सभी टोपियाँ मोजे हैं।

सभी फ्राक मुखौटे हैं।

सभी मुखौटे मोजे हैं।

**निष्कर्ष :**

(I) कुछ फ्राक टोपी हैं।

(II) कुछ मुखौटे टोपी हैं।


(1) निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों निकलते हैं।

(2) न ही निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) निकलता है।

(3) केवल निष्कर्ष (I) निकलता है।

(4) केवल निष्कर्ष (II) निकलता है।

14. Study the given diagram carefully and answer the question. The number in different sections indicate the number of persons in an area who buy different magazines.




What is the number of persons who buy both Champak and Nandan but not Sarita ?


(1) 9

(2) 12

(3) 3

(4) 6

14. दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न अनुभागों में दी गई संख्याएँ एक क्षेत्र में विभिन्न पत्रिकाएं खरीदने वाले व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं।




उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जो चम्पक और नंदन दोनों खरीदते हैं लेकिन सरिता नहीं खरीदते ?

(1) 9

(2) 12

(3) 3

(4) 6

15. A + B means 'A is the father of B'

A − B means 'A is the mother of B'

A × B means 'A is the sister of B'

A ÷ B means 'A is the brother of B'

Based on the above, if 'S − G ÷ T − M × P + R', then how is 'S' related to 'P' ?

(1) Father's mother

(2) Sister

(3) Mother

(4) Mother's mother

15. A + B का अर्थ है 'A, B का पिता है'

A − B का अर्थ है 'A, B की माँ है'

A × B का अर्थ है 'A, B की बहन है'

A ÷ B का अर्थ है 'A, B का भाई है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S − G ÷ T − M × P + R' तो 'S', 'P' से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) पिता की माँ

(2) बहन

(3) माँ

(4) माँ की माँ

16. Eight girls G, K, P, A, D, Q, S and M are sitting around a square table but not necessarily in the same order. Four of them sit at four corners of the table while four sit in the middle of each of four sides. The one who sits at the four corners face outside the center while those who sit in the middle of the sides face inside.

'Q' is sitting at one of the corners and she is third to the right of 'K'. 'A' is not sitting at any of the corners. 'P' is sitting second to the left of 'K' and immediately right of 'S'. 'K' and 'D' are facing each other. Who is sitting immediately left of 'Q' ?

(1) K

(2) G

(3) D

(4) A

16. आठ लड़कियाँ G, K, P, A, D, Q, S और M एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठी हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। उनमें से चार मेज के चारों कोनों पर बैठी हैं जबकि चार मेज के चारों भुजाओं के मध्य में बैठी हैं। जो चारों कोनों पर बैठी हैं उनका मुख केंद्र से बाहर की ओर है जबकि जो भुजाओं के मध्य में बैठी हैं उनका मुख अंदर की ओर है।

'Q' किसी एक कोने पर बैठी है और वह 'K' के दायें से तीसरे स्थान पर है। 'A' किसी भी कोने पर नहीं बैठी है। 'P', 'K' के बायीं ओर दूसरे स्थान पर और 'S' के ठीक दायें बैठी है। 'K' और 'D' एक दूसरे के सम्मुख हैं। 'Q' के ठीक बांए कौन बैठा है ?

(1) K

(2) G

(3) D

(4) A

Two statements are labelled below as **Assertion (A)** and **Reason (R)**.

**Assertion (A) :**

Government of India has banned more than 10 years old Diesel Vehicles on the roads of Delhi.

**Reason (R) :**

Diesel prices have increased in the past few years.

Select correct answer with the help of code.

(1) (A) is true but (R) is false

(2) (A) is false but (R) is true

(3) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)

(4) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A)

17. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** चिन्हित किया गया है।

**अभिकथन (A) :**

भारत सरकार ने दिल्ली की सड़कों पर 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**तर्क (R) :**

पिछले कुछ सालों में डीजल की कीमतें बढ़ी हैं।

कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें।

(1) (A) सही है परन्तु (R) गलत है।

(2) (A) गलत है परन्तु (R) सही है।

(3) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(4) दोनों (A) और (R) सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

Tanya wears T-shirts of seven different colours Red, Green, Yellow, Blue, Purple, Orange and Magenta on seven different days of the week starting from Monday. She wears green T-shirt on Thursday. She does not wear yellow or purple colour T-shirts on Friday. She wears red colour T-shirt after the green colour T-shirt. She wears only purple colour T-shirt on the day between the days on which she wears Blue and Magenta colour T-shirts. She wears orange colour T-shirt after yellow colour T-shirt.

On which day she wears orange colour T-shirt ?

(1) Saturday

(2) Wednesday

(3) Tuesday

(4) Sunday

18. तान्या सोमवार से शुरू होने वाले सप्ताह के सात अलग-अलग दिनों में सात अलग-अलग रंगों लाल, हरा, पीला, नीला, बैंगनी, नारंगी और मैजेंटा रंग की टी-शर्ट पहनती है। वह गुरुवार को हरे रंग की टी-शर्ट पहनती है। वह शुक्रवार को पीले या बैंगनी रंग की टी-शर्ट नहीं पहनती है। वह हरे रंग की टी-शर्ट के बाद लाल रंग की टी-शर्ट पहनती है। वह उन दिनों के बीच केवल बैंगनी रंग की टी-शर्ट पहनती है, जिस दिन वह नीली और मैजेंटा रंग की टी-शर्ट पहनती है। वह पीले रंग की टी-शर्ट के बाद नारंगी रंग की टी-शर्ट पहनती है।

वह किस दिन नारंगी रंग की टी-शर्ट पहनती है?

(1) शनिवार

(2) बुधवार

(3) मंगलवार

(4) रविवार

19. Bhairav started from his home and travelled 50 meters towards East then turned to his right and travelled 150 meters from there he turned to his left and travelled 100 meters to reach a temple. From the temple he moved 250 meters towards North and then turned left and travelled 100 meters. Finally, he turned to his left and moved 100 meters to reach a point 'P'. What is the direction and shortest distance of his home from the point 'P' ?

(1) North, 150 meters

(2) West, 50 meters

(3) East, 100 meters

(4) North - East, 90 meters

19. भैरव ने अपने घर से शुरुआत की और 50 मीटर पूर्व की ओर यात्रा की फिर अपने दाहिनी ओर मुड़कर 150 मीटर की यात्रा की। वहाँ से वह बायीं ओर मुड़ा और एक मंदिर तक पहुंचने के लिए 100 मीटर की यात्रा की। मंदिर से वह 250 मीटर उत्तर की ओर चला और फिर बायीं ओर मुड़कर 100 मीटर चला। अंत में वह अपनी बायीं ओर मुड़ा और बिंदु 'P' पर पहुंचने के लिए 100 मीटर चला। बिंदु 'P' से उसके घर की दिशा और न्यूनतम दूरी क्या है ?

(1) उत्तर, 150 मीटर

(2) पश्चिम, 50 मीटर

(3) पूर्व, 100 मीटर

(4) उत्तर-पूर्व, 90 मीटर

20. If the first half of the following sequence is made second half, which letter/number/symbol will come at seventh place towards the left of the fifth place from the right end ?

L, X, J, K, I, L, U, A, 5, 9, H, 2, T, %, 9, @, 1, #

(1) #

(2) 1

(3) U

(4) @

20. यदि निम्नलिखित अनुक्रम के पहले आधे भाग को दूसरा आधा बना दिया जाए, तो दायें छोर से पांचवें स्थान के बायीं ओर सातवें स्थान पर कौन सा अक्षर/संख्या/चिन्ह आएगा ?

L, X, J, K, I, L, U, A, 5, 9, H, 2, T, %, 9, @, 1, #

(1) #

(2) 1

(3) U

(4) @

## PART - III / भाग - III

## KNOWLEDGE OF ICT / ICT का ज्ञान

21. Out of the following, which software you suggest most to develop and present a multimedia presentation on Cyber Security ?

(1) Microsoft Word

(2) Microsoft PowerPoint

(3) Microsoft Edge

(4) Microsoft Excel

21. साइबर सुरक्षा के संबंध में एक मल्टीमीडिया प्रजेंटेशन (Multimedia Presentation) बनाने और प्रस्तुत करने के लिए आप निम्नलिखित में से किस सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने का सुझाव देंगे ?

(1) माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (Microsoft Word)

(2) माइक्रोसॉफ्ट पावरप्वाइंट (Microsoft PowerPoint)

(3) माइक्रोसॉफ्ट एज़ (Microsoft Edge)

(4) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल (Microsoft Excel)

22. The computer hardware device **Switch** is an example of :

(1) Networking device

(2) Output device

(3) Input device

(4) Storage device

22. कम्प्यूटर हार्डवेयर डिवाइस **स्विच** (Switch) एक उदाहरण है :

(1) नेटवर्किंग डिवाइस (Networking device)

(2) आउटपुट डिवाइस (Output device)

(3) इनपुट डिवाइस (Input device)

(4) स्टोरेज डिवाइस (Storage device)

23. Which of the following is the **least** threat for virus infection ?

(1) Downloaded free software

(2) Downloaded email attachment

(3) Online printer

(4) Portable storage devices

23. निम्नलिखित में से किसमें वायरस इंफेक्शन का खतरा **सबसे कम** होता है ?

(1) डाउनलोडेड फ्री सॉफ्टवेयर (Downloaded free software)

(2) डाउनलोडेड ई-मेल अटैचमेंट (Downloaded email attachment)

(3) ऑनलाइन प्रिंटर (Online printer)

(4) पोर्टेबल स्टोरेज डिवाइस (Portable storage devices)

24. Which of the following set contains **only** input devices ?

(1) Printer, Speaker, Monitor

(2) Keyboard, Mouse, Printer

(3) Keyboard, Mouse, Scanner

(4) Printer, Scanner, Speaker

24. निम्नलिखित में से किस समूह में **केवल** इनपुट डिवाइस हैं ?

(1) प्रिंटर, स्पीकर, मॉनीटर (Printer, Speaker, Monitor)

(2) की-बोर्ड, माउस, प्रिंटर (Keyboard, Mouse, Printer)

(3) की-बोर्ड, माउस, स्कैनर (Keyboard, Mouse, Scanner)

(4) प्रिंटर, स्कैनर, स्पीकर (Printer, Scanner, Speaker)

25. Select the shortcut key, out of the following, which is popularly used to **paste** a selected (and copied) text or image in most of the MS Office applications.

(1) Ctrl+'X'

(2) Ctrl+'Z'

(3) Ctrl+'P'

(4) Ctrl+'V'

25. अधिकांश एम.एस ऑफिस एप्लीकेशन में एक सलेक्टिड (एवं कॉपिड) टेक्स्ट या इमेज को **पेस्ट** (paste) करने के लिए निम्नलिखित में से किस शार्टकट-की (Shortcut key) का सर्वाधिक प्रयोग किया जाता है ?

(1) Ctrl+'X'

(2) Ctrl+'Z'

(3) Ctrl+'P'

(4) Ctrl+'V'

26. Which type of network, generally we establish, when we connect 20 computers in our school's computer lab, using some additional networking devices and wired cable ?

(1) MAN

(2) WAN

(3) PAN

(4) LAN

26. जब हम कुछ अतिरिक्त नेटवर्किंग डिवाइस और वायर केबल का प्रयोग करके अपने स्कूल की कम्प्यूटर लैब में 20 कम्प्यूटरों को आपस में जोड़ते हैं तो सामान्यतया हम किस प्रकार का नेटवर्क (Network) स्थापित करते हैं ?

(1) एम.ए.एन. (MAN)

(2) डब्ल्यू.ए.एन. (WAN)

(3) पी.ए.एन. (PAN)

(4) एल.ए.एन. (LAN)

27. In computer terminology, https stands for :
(1) Hyper Text Transfer Protocol Scheme
(2) Hyper Text Transfer Protocol Storage
(3) Hyper Text Transfer Protocol Server
(4) Hyper Text Transfer Protocol Secure

28. Which of the following is **not** an example of web browser ?
(1) Edge
(2) Firefox
(3) Android
(4) Opera

29. Arrange the following memory units in ascending order of their capacities.
Giga Byte, Kilo Byte, Mega Byte, Tera Byte
(1) Kilo Byte < Giga Byte < Mega Byte < Tera Byte
(2) Kilo Byte < Mega Byte < Tera Byte < Giga Byte
(3) Giga Byte < Kilo Byte < Mega Byte < Tera Byte
(4) Kilo Byte < Mega Byte < Giga Byte < Tera Byte

30. Which of the following is **not** a popular file extension of an audio file ?
(1) wav
(2) flac
(3) mp3
(4) pdf

27. कम्प्यूटर की भाषा में, **https** का अर्थ है :
(1) हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकोल स्कीम (Hyper Text Transfer Protocol Scheme)
(2) हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकोल स्टोरेज (Hyper Text Transfer Protocol Storage)
(3) हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकोल सर्वर (Hyper Text Transfer Protocol Server)
(4) हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकोल सिक्योर (Hyper Text Transfer Protocol Secure)

28. निम्नलिखित में से कौन सा वेब ब्राउज़र (web browser) का एक उदाहरण नहीं है ?
(1) एज़ (Edge)
(2) फायरफॉक्स (Firefox)
(3) एंड्रायड (Android)
(4) ओपेरा (Opera)

29. निम्नलिखित मेमोरी यूनिटों को उनकी क्षमता (कैपासिटी) के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
Giga Byte, Kilo Byte, Mega Byte, Tera Byte
(1) Kilo Byte < Giga Byte < Mega Byte < Tera Byte
(2) Kilo Byte < Mega Byte < Tera Byte < Giga Byte
(3) Giga Byte < Kilo Byte < Mega Byte < Tera Byte
(4) Kilo Byte < Mega Byte < Giga Byte < Tera Byte

30. निम्नलिखित में से कौन सा एक ऑडियो फाइल (Audio file) का लोकप्रिय फाइल एक्सटेंशन (extension) नहीं है ?
(1) wav
(2) flac
(3) mp3
(4) pdf

## PART - IV / भाग - IV
## TEACHING APTITUDE / शिक्षण अभिवृत्ति

1. Which one of the following is least likely a factor affecting learning ?
   (1) Readiness
   (2) Co-curricular activities
   (3) Imitation
   (4) Maturation

2. Which kind of ICT tools is not useful in learner centred approach ?
   (1) Constructive
   (2) Communicative
   (3) Informative
   (4) Situating

3. Identify the statement which is not correct :
   (1) Matching type of item is a form of multiple choice item.
   (2) Every supply type item can be converted into selection type of item.
   (3) Extended response item is an essay type item.
   (4) Objective type of items are more preferable in measuring creative ability of the students.

. Which one of the following is not associated with unit test ?
   (1) Use of standardised achievement tests.
   (2) Results shared with parents.
   (3) Confined to limited number of competencies.
   (4) Totally controlled by the teacher.

A creative student is one who has :
   (1) Memorization ability
   (2) Ability to solve problems
   (3) Originality and flexibility of ideas
   (4) Above average IQ

31. निम्नांकित में से कौन-सा कारक अधिगम को सबसे कम प्रभावित करता है ?
   (1) तत्परता
   (2) पाठ्य सहगामी क्रियाएँ
   (3) अनुकरण
   (4) परिपक्वता

32. किस प्रकार के सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी उपकरण शिक्षार्थी केन्द्रित उपागम में उपयोगी नहीं होते हैं ?
   (1) रचनात्मक
   (2) संप्रेषणात्मक
   (3) सूचनात्मक
   (4) स्थित्यात्मक

33. ऐसा कथन पहचानिए जो सत्य न हो :
   (1) मैचिंग (जोड़े बनाने वाले) प्रश्न बहु विकल्पीय प्रश्नों का एक प्रकार है।
   (2) प्रत्येक पूर्ति प्रकार के प्रश्न को चयन प्रकार के प्रश्न में परिवर्तित किया जा सकता है।
   (3) विस्तृत उत्तर वाले प्रश्न निबन्धात्मक प्रश्न होते हैं।
   (4) वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न विद्यार्थियों की सृजनात्मक योग्यता मापन हेतु अधिक उपयोगी होते हैं।

34. निम्नांकित में से कौन इकाई परीक्षण से सम्बद्ध नहीं है ?
   (1) मानकीकृत उपलब्धि परीक्षणों का प्रयोग।
   (2) परिणाम की अभिभावकों से चर्चा होती है।
   (3) दक्षताओं की सीमित संख्या होती है।
   (4) शिक्षक द्वारा पूर्णतः नियंत्रित होता है।

35. एक सृजनात्मक विद्यार्थी वह है जिसके पास :
   (1) रटने की योग्यता
   (2) समस्या समाधान की योग्यता
   (3) मौलिकता और नम्यतापूर्ण विचार है
   (4) सामान्य से उच्च बुद्धि लब्धि

2307623

36. Which principle of playway method helps in cultivating self discipline ?
(1) Principle of creativity
(2) Principle of responsibility
(3) Principle of complete freedom
(4) Principle of activity

37. Complete the statement :
In teaching if nothing has been learned, nothing has been ________.
(1) examined
(2) observed
(3) taught
(4) studied

38. Which is not an advantage of integrated textbooks ?
(1) These may not suit student's individual learning styles.
(2) Such textbooks provide support to inexperienced teachers.
(3) Textbook can be used as a syllabus.
(4) These provide readymade materials.

39. A teacher first tells the rule and principle and then cites examples to explain the concept. Which approach she/he is adopting ?
(1) Explanatory
(2) Investigatory
(3) Inductive
(4) Deductive

40. Which one of the following is not a characteristics of 'Assessment for Learning' ?
(1) It is judgmental and hence evaluative.
(2) It provides continuous feedback.
(3) It helps in identifying strengths and weaknesses of every student.
(4) It allows students to reflect upon their work so as to take specific actions to improve upon.

36. खेल विधि का कौन-सा सिद्धान्त स्व अनुशासन उत्पन्न करने में सहायक होता है ?
(1) सृजनात्मकता का सिद्धान्त
(2) उत्तरदायित्व का सिद्धान्त
(3) पूर्ण स्वतंत्रता का सिद्धान्त
(4) क्रियाशीलता का सिद्धान्त

37. कथन को पूरा कीजिए :
यदि शिक्षण में कुछ भी नहीं सीखा गया हो तो कुछ भी नहीं ________।
(1) जाँचा गया
(2) अवलोकित किया गया
(3) पढ़ाया गया
(4) अध्ययन किया गया

38. समन्वित (इंटीग्रेटेड) पाठ्यपुस्तक की कौन-सी विशेषता नहीं है ?
(1) ये विद्यार्थियों के व्यक्तिगत अधिगम तरीकों के लिए उपयुक्त सिद्ध नहीं होती हैं।
(2) ऐसी पाठ्यपुस्तकें अनुभवहीन शिक्षकों को सहायता प्रदान करती हैं।
(3) पाठ्यपुस्तक को पाठ्यवस्तु/पाठ्यक्रम के रूप में प्रयुक्त कर सकते हैं।
(4) ये तैयार सामग्री प्रदान करती हैं।

39. एक शिक्षक, संप्रत्यय समझाने के लिए पहले सिद्धान्त व नियम बताता है और फिर उदाहरण देता है। वह कौन-सा उपागम अपना रहा है ?
(1) व्याख्यात्मक
(2) खोजी
(3) आगमनात्मक
(4) निगमनात्मक

40. निम्नांकित में से कौन-सी 'अधिगम के लिए आकलन' की विशेषता नहीं है ?
(1) यह निर्णयात्मक है अत: मूल्यांकन का हेतु है।
(2) यह निरन्तर प्रतिपुष्टि प्रदान करता है।
(3) यह प्रत्येक विद्यार्थी की समर्थताओं और अल्पज्ञताओं को पहचानने में सहायक है।
(4) यह विद्यार्थियों को अपने कार्यों की समीक्षा का अवसर देता है जिससे वे सुधार हेतु विशिष्ट कदम उठा सकें।

## PART - V
## HINDI

1. निम्नलिखित शब्दों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(1) द्रष्टव्य

(2) साँसारिक

(3) प्रदर्शिनी

(4) व्यवहारिक

2. आदि हिन्दी को निम्नलिखित में से किसने वीरकाल और धर्मकाल नामक दो कालों में बाँटा है ?

(1) रामचंद्र शुक्ल

(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) मिश्रबंधु

(4) कामता प्रसाद गुरु

. संवत् 1050 से हिन्दी साहित्य का आरंभ मानने वाले साहित्येतिहासकार हैं :

(1) जार्ज ग्रियर्सन

(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) मिश्रबंधु

(4) रामचंद्र शुक्ल

निम्नलिखित में से कौन-सा हजारी प्रसाद द्विवेदी का निबंध संकलन नहीं है ?

(1) आधुनिकता बोध

(2) कल्पलता

(3) विचार और वितर्क

(4) विचार प्रवाह

45. वाक्य रचना की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है :

(1) मुझे सौ रुपए चाहिए

(2) मुझे घर जाना है

(3) उनके सौजन्य से यह कार्य हुआ है

(4) मोहन तुम्हारे से नहीं डरता

46. इलाचंद्र जोशी ने अपनी किस पुस्तक के लेखन से मनोवैज्ञानिक आलोचना की शुरुआत की थी ?

(1) विश्लेषण

(2) देखापरखा

(3) साहित्य-सर्जना

(4) विवेचना

47. निम्नलिखित में कौन-सा कथन नागार्जुन के उपन्यासों के बारे में सही नहीं है ?

(1) वरूण के बेटे में मछुआ संघ की स्थापना होती है।

(2) बलचनमा में अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध परिश्रमी और ईमानदार किसान का संघर्ष है।

(3) रतिनाथ की चाची में अनमेल विवाह की समस्या को केन्द्र में रखा गया है।

(4) बाबा बटेश्वरनाथ में बरगद के पुराने वृक्ष को बचाने के लिए जैकिशन और जीवन संयुक्त मोर्चा बनाकर अन्याय का विरोध करते हैं।

48. जन्मकाल की दृष्टि से निम्नलिखित आलोचकों का सही अनुक्रम है :

(1) प्रकाशचंद गुप्त, मुक्तिबोध, नामवर सिंह, रामविलास शर्मा

(2) रामविलास शर्मा, प्रकाशचंद गुप्त, मुक्तिबोध, नामवर सिंह

(3) प्रकाशचंद गुप्त, रामविलास शर्मा, मुक्तिबोध, नामवर सिंह

(4) रामविलास शर्मा, प्रकाशचंद गुप्त, नामवर सिंह, मुक्तिबोध

49. निम्नलिखित में से कहानी-संग्रह और कहानीकार का असंगत मेल है :

(1) जानवर और जानवर - मोहन राकेश

(2) स्वर्ग और पृथ्वी - धर्मवीर भारती

(3) अभिमन्यु की आत्महत्या - राजेन्द्र यादव

(4) मौत का नगर - कमलेश्वर

50. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रेमचंद युगीन कहानी का प्रकार नहीं है ?

(1) वातावरण प्रधान कहानियाँ

(2) कथानक प्रधान कहानियाँ

(3) चरित्र प्रधान कहानियाँ

(4) शैली प्रधान कहानियाँ

51. 'निराला की साहित्य साधना' नामक कृति के लेखक हैं :

(1) रामविलास शर्मा

(2) नंद दुलारे वाजपेयी

(3) दूधनाथ सिंह

(4) बच्चन सिंह

52. निम्नलिखित में से भारतेन्दु का नाटक नहीं है :

(1) पद्मावती

(2) भारत जननी

(3) प्रेमयोगिनी

(4) नीलदेवी

53. 'मेरी जीवन यात्रा' आत्मकथा के लेखक हैं :

(1) वृंदावनलाल वर्मा

(2) अमृतलाल नागर

(3) हरिवंशराय बच्चन

(4) राहुल सांकृत्यायन

54. 'वीसलदेव रासो' के रचयिता हैं :

(1) चंदबरदाई

(2) भट्ट केदार

(3) नरपत नाल्ह

(4) दलपत विजय

55. 'अरे यायावर रहेगा याद' यात्रा-वृत्तांत के लेखक हैं :

(1) निर्मल वर्मा

(2) कुंवर नारायण

(3) मोहन राकेश

(4) अज्ञेय

56. 'मिट्टी के पुतले' नामक संस्मरण/रेखाचित्र के रचयिता हैं :

(1) देवेन्द्र सत्यार्थी

(2) बनारसीदास चतुर्वेदी

(3) रामवृक्ष बेनीपुरी

(4) प्रकाशचंद गुप्त

7. 'ऋणजल धनजल' नामक रिपोर्ताज के लेखक हैं :

(1) फणीश्वरनाथ रेणु

(2) अमृतराय

(3) धर्मवीर भारती

(4) विवेकी राय

8. 'अतीत के चलचित्र' किसकी रचना है ?

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी

(2) महादेवी वर्मा

(3) बनारसीदास चतुर्वेदी

(4) शिवपूजन सहाय

9. 'सूर समाना चंद में दहूँ किया घर एक।
मन का चिंता तब भया कछु पुरबिला लेख।।'

-काव्यपंक्तियों के रचयिता हैं :

(1) नामदेव

(2) दादू

(3) कबीर

(4) रैदास

0. हिन्दी कवियों में 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है ?

(1) दिनकर

(2) भिखारी ठाकुर

(3) विद्यापति

(4) नागार्जुन

61. राष्ट्रीय शिक्षा नीति किस वर्ष लाई गयी है ?

(1) 2020

(2) 2022

(3) 2016

(4) 2018

62. राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वंचित बच्चों की अधिकता वाले क्षेत्रों के स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) से कम रखा गया है :

(1) 30 : 1

(2) 40 : 1

(3) 20 : 1

(4) 25 : 1

63. भारत सरकार द्वारा 1986 में लाई गयी शिक्षा से संबंधित नीति का नाम है :

(1) राष्ट्रीय शिक्षा नीति

(2) नयी शिक्षा नीति

(3) शिक्षा नीति

(4) भारतीय शिक्षा नीति

64. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सापेक्ष भाषा, कला और संस्कृति के बारे में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) संस्कृति का प्रसार करने का सबसे प्रमुख माध्यम कला है।

(2) व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण के लिए सांस्कृतिक जागरूकता और अभिव्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है।

(3) भाषा संस्कृति का समृद्ध भंडार है।

(4) भारतीय कला एवं संस्कृति का संवर्धन केवल राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है।

65. निम्नलिखित में से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषता नहीं है :

(1) बहुभाषिकता

(2) तकनीक की अपेक्षा व्यक्तिगत प्रयास पर बल

(3) अवधारणात्मक समझ पर जोर

(4) रचनात्मकता और तार्किक सोच

66. शिक्षाशास्त्र है, एक :

(1) शिक्षण-प्रशिक्षण

(2) मार्गदर्शन एवं परामर्श

(3) शिक्षा व्यवस्था

(4) शिक्षण अधिगम

67. भाषा कौशल का प्रमुख प्रकार नहीं है :

(1) श्रवण कौशल

(2) चिंतन कौशल

(3) लेखन कौशल

(4) वाचन कौशल

68. शिक्षण की विधियों का प्रकार नहीं है :

(1) शिक्षक केन्द्रित विधि

(2) सामग्री केन्द्रित विधि

(3) श्यामपट्ट /श्वेतपट केन्द्रित प्रणाली

(4) शिक्षार्थी केन्द्रित विधि

69. निम्नलिखित में से कौन-सा बच्चे के शारीरिक विकास का संकेतक है ?

(1) मात्रात्मक

(2) गुणात्मक

(3) निषेधात्मक

(4) सकारात्मक

70. शिक्षा में अधिगम प्रक्रिया में अभिवृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को कहा जाता है :

(1) रेडियो और टेलीविज़न

(2) आई सी टी

(3) संचार प्रौद्योगिकी

(4) सूचना प्रौद्योगिकी

71. जॉन डेवी (John Devey) के अनुसार विद्यालय एक संस्थान है :

(1) पर्यावरणिक

(2) मनोविश्लेषणात्मक

(3) सामाजिक

(4) दर्शनात्मक

72. जैसे लोग बडे, होते जाते हैं अधिगम की __________ का ह्रास होने लगता है।

(1) गति

(2) मात्रा

(3) गुणवत्ता

(4) सततता

73. 'लोग अपनी गलतियों से सीखते हैं' प्रस्तुत कथन किस अधिगम सिद्धांत पर आधारित है :

(1) शास्त्रीय प्रतिकूलन

(2) अंतर्दृष्टि

(3) परीक्षण और त्रुटि विधि

(4) शास्त्रीय अनुकूलन

74. यदि एक विशेष क्षमता अधिक बार उपयोग में लायी जाएगी तो वह :

(1) मजबूत हो जाएगी

(2) आधारहीन हो जाएगी

(3) महत्वहीन हो जाएगी

(4) कम महत्वपूर्ण हो जाएगी

75. जॉन डेवी (John Devey) के अनुसार छात्रों को निम्नलिखित में से किसके लिए अवश्य तैयार करना चाहिए ?

(1) शोध

(2) उद्यमता

(3) वर्तमान जीवन

(4) भविष्य के जीवन

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों ( 76-80 ) के उत्तर दीजिए :**

भारत में गाँव का विकास बहुत तेज़ी के साथ हुआ है। फिर भी अभी बहुत-सा काम होना बाकी है। परिणामस्वरूप आधुनिकता और ग्रामीण अर्थतंत्र के इस परिवर्तन ने हर गाँव की मानसिकता और पारंपरिक आचार-व्यवहार को भी प्रभावित किया है। हमारे गाँव में भी यही स्थिति है। हर गाँव की तरह हमारे गाँव की मिट्टी में कुछ ऐसी आत्मीय सुगंध है कि जैसे ही गाँव याद आता है वह सुगंध मेरे आसपास महकने लगती है। यही कारण है कि गाँव की यह सुगंध बार-बार मुझे यहाँ खींच लाती है। अपने अशिक्षित और गरीब आत्मीय जनों से मिलकर उनके सुख-दुख में शामिल होकर मुझे यहाँ बहुत सुख-चैन मिलता है। साथ ही कुछ ऐसा भी है जो मुझे अंदर तक कचोट जाता है। कष्ट देता है वह है शहर और गाँव के बीच बढ़ता अंतर। बहुत सी बातों में समानता होते हुए आज भी गाँव में शहर जैसी सुख-सुविधाओं का अभाव है। रोज़गार के अवसरों की कमी के कारण युवा शहर की तरफ पलायन करते हैं और फिर वहीं बस जाते हैं। शहर की चकाचौंध उनको गाँव वापस आने से रोकती है। बच्चे शहर चले जाते हैं बच्चियों की शादी हो जाती है और वे भी अपनी ससुराल चली जाती हैं तथा बुजुर्ग गाँव में रह जाते हैं। कई बार मुझे लगता है कि गाँव की प्रगति, विकास और समृद्धि में हमारे जैसे शिक्षित संपन्न लोगों का क्या योगदान है ? जबकि हम गाँव से ही निकले हैं।

76. गाँव के युवा शहर पलायन कर जाते हैं :

(1) गाँव में मनोरंजन के साधनों का अभाव है।

(2) गाँव में रोज़गार के अवसरों का अभाव है।

(3) शहर में सुख-सुविधाएँ ज्यादा हैं।

(4) शहर में पढ़ाई के साधन अधिक हैं।

77. लेखक बार-बार गाँव चला आता है क्योंकि :

(1) गाँव की सुगंध उसको आकर्पित करती है।

(2) उसको गाँव बहुत अच्छा लगता है।

(3) शहर में उसका मन नहीं लगता।

(4) गाँव में उसके माता-पिता रहते हैं।

78. लेखक को सुख-चैन मिलता है :

(1) खेत-खलिहानों में भ्रमण करके

(2) आत्मीय जनों के सुख-दुख में शामिल होकर

(3) गाँव से दूर रहकर

(4) आत्मीय जनों से संपर्क करके

79. लेखक क्या सोचता है ?

(1) गाँव की प्रगति, विकास और संपन्नता में उसका क्या योगदान है ?

(2) गाँव में बैंक नहीं खुला है।

(3) गाँव में विद्यालय खुलना चाहिए

(4) गाँव में अस्पताल खुलना चाहिए

80. आधुनिकता और ग्रामीण अर्थतंत्र के परिवर्तन से :

(1) मानसिकता और पारंपरिक आचार-व्यवहार प्रभावित हुए हैं

(2) गाँव के विकास की झलक मिलती है

(3) गाँव की स्थिति का पता चलता है

(4) शहर की स्थिति का पता चलता है

81. निम्नलिखित में स्वर संधिवाला शब्द है :

(1) षडानन

(2) भानूदय

(3) अजंत

(4) सदानंद

82. निम्नलिखित में से किसमें तत्पुरुष समास नहीं है ?

(1) देशाटन

(2) कामकाज

(3) ग्रामवास

(4) निशाचर

83. निम्नलिखित में कौन-सा विकल्प सही नहीं है ?

(1) कम जानने वाला - अल्पज्ञ

(2) कम अक्ल वाला - मूर्ख

(3) कीर्तिमान पुरुष - यशस्वी

(4) कम बोलने वाला - अल्पभाषी

84. निम्नलिखित में से कौन-सा विलोमार्थी शब्द-युग्म अ[illegible] है ?

(1) स्वतंत्रता - परतंत्रता

(2) प्रदान - संप्रदान

(3) योग्य - अयोग्य

(4) विश्वास - अविश्वास

85. निम्नलिखित में अश्व का पर्यायवाची नहीं है :

(1) तुरंग

(2) तुरंगम

(3) वाजि

(4) हय

86. निम्नलिखित शब्दों में तत्सम शब्द नहीं है :

(1) कवि

(2) राय

(3) राजा

(4) पिता

87. शुभकामना पत्र लिखा जाता है:

(1) कार्य पूर्ण करने के उपरांत

(2) संवेदना व्यक्त करने के लिए

(3) समारोह में सम्मिलित होने के लिए

(4) कार्य प्रारम्भ करने के लिए

88. निम्नलिखित में से आर्यभाषाओं में सम्मिलित नहीं है :

(1) फारसी

(2) यूनानी

(3) अंग्रेजी

(4) अरबी

89. 'अंग फूले न समाना' मुहावरे का निम्नलिखित में से सटीक अर्थ है :

(1) परीक्षा पास कर लेना

(2) अच्छे काम की सूचना मिलना

(3) बहुत प्रसन्न होना

(4) बहुत लाभ मिल जाना

90. निम्नलिखित में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :

(1) विकास

(2) व्यापार

(3) दुश्कर

(4) नाश

91. निम्नलिखित में एकार्थी शब्द है :

(1) मत

(2) मित्र

(3) दक्षिण

(4) पद

92. उपसर्ग के आधार पर असंगत शब्द युग्म है :

(1) वि - वीर

(2) प्र - प्रचार

(3) अप - अपयश

(4) आ - आदान

93. प्रत्यय की दृष्टि से निम्नलिखित शब्दों में असंगत युग्म है :

(1) गर - गर्म - गर्मी

(2) कार - कला - कलाकार

(3) इया - डिब्बा - डिबिया

(4) ई - पहाड़ - पहाड़ी

94. लिंग के आधार पर असंगत शब्द युग्म है :

(1) देवर - देवरानी

(2) पंडित - पंडितनी

(3) घंटा - घंटी

(4) लोटा - लुटिया

95. चार चौकन्ने सिपाहियों ने इस चोर को पकड़ लिया वा के रेखांकित अंश में पदबंध है :

(1) विशेषण पदबंध

(2) क्रिया विशेषण पदबंध

(3) क्रिया पदबंध

(4) संज्ञा पदबंध

96. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना केशवदास द्वारा लिखित नहीं है ?

(1) रसिकप्रिया

(2) हिततरंगिनी

(3) रामचंद्रिका

(4) कविप्रिया

97. 'जाके प्रिय न राम वैदेही' तुलसी ने किस रचना में कहा है ?

(1) विनयपत्रिका

(2) रामचरितमानस

(3) कवितावली

(4) दोहावली

98. 'गोस्वामी के प्रादुर्भाव को हिन्दी काव्य के क्षेत्र में चमत्कार समझना चाहिए।' तुलसीदास से संबद्ध उपर्युक्त कथन किस आलोचक का है ?

(1) रामचंद्र शुक्ल

(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) जार्ज ग्रियर्सन

(4) मिश्र बंधु

99. निम्नलिखित में 'अष्टछाप' के कवियों में शामिल नहीं हैं :

(1) नंददास

(2) धर्मदास

(3) कुंभनदास

(4) परमानंददास

100. निम्नलिखित में देव की रचना नहीं है :

(1) रसराज

(2) भवानी विलास

(3) भाव विलास

(4) अष्टयाम

101. 'माला फेरत जुग भया, गया न मन का फेर

कर का मनका डारिके, मन का मनका फेर'- काव्यपंक्तियों में अलंकार है :

(1) उपमा

(2) अनुप्रास

(3) श्लेष

(4) यमक

102. 'अंधायुग' नाटक के रचयिता हैं :

(1) मोहन राकेश

(2) शंकर शेष

(3) धर्मवीर भारती

(4) रांगेय राघव

103. 'संस्कृति के चार अध्याय' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(1) मैथिलीशरण गुप्त

(2) जवाहरलाल नेहरु

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) रामधारी सिंह दिनकर

104. पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है :

(1) बुंदेली

(2) बघेली

(3) हरियाणवी

(4) खड़ी बोली

105. निम्नलिखित में अज्ञेय का निबंध संकलन नहीं है :

(1) आत्मनेपद

(2) लिखिकागद कोरे

(3) साहित्य और संस्कृति

(4) आलबाल

106. संज्ञा से संज्ञा शब्दों में असंगत है :

(1) रस्सा - रस्सी

(2) धर्म - धार्मिक

(3) खाट - खटिया

(4) लठ - लठिया

107. 'महाराणा का महत्त्व' किसकी रचना है ?

(1) श्याम नारायण पांडेय

(2) मुकुटधर पाण्डेय

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

108. संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को संघ की राजभाषा स्वीकार किया गया है ?

(1) अनुच्छेद 42

(2) अनुच्छेद 43

(3) अनुच्छेद 40

(4) अनुच्छेद 41

109. "सघन कुंज छाया सुखद, सीतल मंद समीर
मन ह्वै जात अजौ वहै, वा जमुना के तीर।"

उपर्युक्त दोहे के रचनाकार हैं :

(1) घनानंद

(2) सेनापति

(3) रसखान

(4) बिहारी

110. 'साकेत' के रचनाकार हैं :

(1) मैथिलीशरण गुप्त

(2) रामधारी सिंह दिनकर

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) तुलसीदास

111. निम्नलिखित में कौन-सी घनानंद की रचना नहीं है ?

(1) कोकसागर

(2) छत्रप्रकाश

(3) सुजान सागर

(4) रसकेलिवल्लरी

112. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित नहीं है ?

(1) अंग्रेजी

(2) गुजराती

(3) मराठी

(4) हिन्दी

113. उच्चारण स्थान के आधार पर निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :

(1) मूर्धन्य - ठ

(2) दंत्य - ध

(3) कंठ्य - ख

(4) तालव्य - न

114. "दो सौ बावन वैष्णवों की वार्ता" के लेखक हैं :

(1) सूरति मिश्र

(2) वैकुंठमणि शुक्ल

(3) विट्ठलनाथ

(4) नाभादास

115. निम्नलिखित में एकार्थी शब्द है :

(1) अरूण

(2) अलि

(3) अनुराग

(4) अभिजात

116. निम्नलिखित में व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है :

(1) घर

(2) पहाड़

(3) हितकारिणी

(4) मनुष्य

117. निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) कर्ण - सेठ गोविन्ददास

(2) सागर विजय - लक्ष्मीनारायण मिश्र

(3) विशाख - जयशंकर प्रसाद

(4) उजबक - पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'

118. निम्नलिखित में असंगत है :

(1) रानी केतकी की कहानी - इंशा अल्ला खाँ

(2) माधव विलास - मुंशी सदासुखलाल 'नियाज

(3) सिंहासन बत्तीसी - लल्लू लाल

(4) चंद्रावली - सदल मिश्र

119. 'गीतिका' काव्य-संग्रह के रचयिता हैं :

(1) सुमित्रानंदन पंत

(2) महादेवी वर्मा

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

120. निम्नलिखित में असंगत युग्म है :

(1) सेतुबंध - सुरेन्द्र वर्मा

(2) रक्त बीज - गिरिराज किशोर

(3) माधवी - भीष्म साहनी

(4) बकरी - सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

# PART - VI
## GENERAL ENGLISH

**21-122)** Fill in the given blanks with correct ptions.

**21.** Bread and butter ________ to be provided.
(1) have
(2) are going
(3) are
(4) has

**22.** I ________ your letter yesterday.
(1) had received
(2) would receive
(3) received
(4) have received

**23.** Choose the sequence in which the following words/phrases can be rearranged to form a correct sentence.
(A) whether
(B) be true
(C) she
(D) it could
(E) wondered
(1) (C) (E) (A) (D) (B)
(2) (D) (E) (A) (B) (C)
(3) (B) (C) (D) (E) (A)
(4) (A) (D) (E) (B) (C)

**24.** Identify the part of the sentence that has an error in it.
This is the <u>only one</u> (D) of <u>his novels</u> (B) <u>that are</u> (C) not <u>worth reading</u> (A).
(1) (C)
(2) (D)
(3) (A)
(4) (B)

**25.** Identify the Tense in the given sentence.
Ram should have gone to the market.
(1) Future Indefinite
(2) Present Perfect
(3) Past Indefinite
(4) Past Perfect

**126.** Choose the word nearly similar in meaning to the given one.
COURAGE
(1) Hesitation
(2) Cowardice
(3) Fortitude
(4) Virtue

**127.** Choose the option which nearly means the same as the underlined idiom.
He <u>bids fair</u> to rival his father as a lawyer.
(1) trying very hard
(2) seems likely
(3) much opposed
(4) not qualified

**128.** Choose the word nearly opposite in meaning to the given one.
DAMAGE
(1) Compensation
(2) Wrong
(3) Rupture
(4) Mayhem

**129.** Choose the option in which VOICE in the given sentence has been changed correctly.
Who is knocking at the door ?
(1) By whom is the door being knocked at ?
(2) The door is knocked at by whom ?
(3) By whom is the door being knocked ?
(4) By whom is the door being knocked at.

**130.** Fill in the blank in the given sentence by choosing one of the given options.
Copper is ________ useful metal.
(1) the
(2) no article
(3) a
(4) an

## PART - VI
## GENERAL HINDI

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों **(131-133)** के सटीक उत्तर दीजिए :

दूसरों को उपदेश देना बहुत ही सरल है, मगर उन उपदेशों को व्यवहार में लाना कठिन है। बहुत से लोग ऐसे हैं जो मंच पर खड़े होकर लोगों को सदाचार, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा पर लंबे-लंबे उपदेश देते हैं, पर स्वयं कभी उन पर आचरण नहीं करते। यदि उपदेशकर्ता की कथनी और करनी में अंतर न हो अर्थात् वह जो कुछ कहे, उस पर अमल करके दिखाए तब उसकी बात का प्रभाव भाषण से कहीं अधिक पड़ेगा। ऐसी स्थिति में लोग उपदेशक का अनुसरण करने में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। यदि वह केवल उपदेश देने का ही लक्ष्य रखता है, और उस उपदेश को अपने आचरण में नहीं लाता, तब उसका उपदेश कोई प्रभाव नहीं डालता।

**131.** निम्नलिखित में क्या करना आसान **नहीं** है ?
(1) उपदेश पर अमल न करना
(2) उपदेश न देना
(3) उपदेश पर अमल करना
(4) उपदेश देना

**132.** लोग किस पर उपदेश **नहीं** देते ?
(1) ईमानदारी
(2) कर्तव्यनिष्ठा
(3) सदाचार
(4) धर्मपरायणता

**133.** बात का प्रभाव भाषण से अधिक कब पड़ता है ?
(1) जब आप उस पर अमल करके दिखाएँ
(2) जब आप किसी अन्य की बात करें
(3) जब उपदेश प्रभावी हो
(4) जब आपकी बात में सच्चाई हो

**134.** निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञा शब्द है :
(1) नदी
(2) गंगा
(3) राम
(4) काशी

**135.** निम्नलिखित में तत्पुरुष समास **नहीं** है :
(1) जलपिपासु
(2) मदांध
(3) नराधम
(4) स्वर्गप्राप्त

**136.** निम्नलिखित में स्वर-संधि वाला शब्द **नहीं है** :
(1) वार्तालाप
(2) तल्लीन
(3) परमार्थ
(4) कुशासन

**137.** 'इन्द्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है :
(1) पुरंदर
(2) सुरपति
(3) सुरेन्द्र
(4) मनोज

**138.** 'सोने में सुहागा' मुहावरे का सटीक अर्थ है :
(1) सोने में सुहाग मिलाना
(2) किसी को अत्यधिक लाभ पहुँचाना
(3) अच्छी चीज का और अच्छा हो जाना
(4) लाभ का दो गुना हो जाना

**139.** निम्नलिखित में **अशुद्ध** शब्द है :
(1) दुष्कर
(2) सीधा-साधा
(3) धोखा
(4) हिन्दुस्तान

**140.** विलोम शब्द के आधार पर असंगत शब्द **युग्म है** :
(1) दुर्लभ - सुलभ
(2) उन्नति - अवनति
(3) निंदा - प्रार्थना
(4) तीव्र - मंद

## PART - VI
## HINDI

**141.** निम्नलिखित में स्वर की मात्राओं की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :

(1) सिंधुर्मी
(2) पत्नी
(3) मृग
(4) आहार

**142.** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के युग्मों में असंगत है :

(1) अधिक दिनों तक जीने वाला - चिरंजीवी
(2) बुरा आचरण करने वाला - दुराचारी
(3) आदि से अंत तक - आद्योपांत
(4) आयोजन करने वाला - प्रायोजक

**143.** निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के युग्मों में असंगत है :

(1) अचानक होने वाला - आकस्मिक
(2) आवश्यकता से अधिक वर्षा - अतिवृष्टि
(3) आशा से अधिक - आशातीत
(4) आँखों के सामने - प्रत्यक्षदर्शी

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों **(144-146)** के सटीक उत्तर दीजिए।

भाषा का मौखिक प्रयोग ही भाषा का मूल रूप है। इसलिए बोलचाल की भाषा को ही भाषा का वास्तविक रूप माना जाता है। यद्यपि भाषा का लिखित रूप सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ ही विकसित हो गया है, परंतु मानव जीवन में लिखित भाषा की अपेक्षा मौखिक भाषा ही अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसका प्रमुख कारण है कि हम अपने दैनिक जीवन के अधिकांश कार्य मौखिक भाषा द्वारा ही संपन्न करते हैं। हास-परिहास, वार्तालाप, विचार विमर्श, प्रवचन और भाषण में मौखिक भाषा का उपयोग होता है।

**144.** भाषा का वास्तविक रूप है :

(1) मौखिक भाषा
(2) जन भाषा
(3) लिखित भाषा
(4) लोकभाषा

**145.** भाषा का लिखित रूप विकसित हो जाता है :

(1) शास्त्रीय भाषा के द्वारा
(2) सभ्यता और संस्कृति के विकास के द्वारा
(3) मौखिक भाषा के द्वारा
(4) लोकभाषा के द्वारा

**146.** निम्नलिखित में से किसमें मौखिक भाषा का उपयो होता है ?

(1) लेखन
(2) भाषण
(3) हास परिहास
(4) वार्तालाप

**147.** निम्नलिखित में संधि नियमों की दृष्टि से अशुद्ध श

(1) अनधिकार
(2) दुरवस्था
(3) जगतगुरू
(4) उपर्युक्त

**148.** निम्नलिखित में बहुव्रीहि समास है :

(1) कालीमिर्च
(2) ध्यानमग्न
(3) मुखचंद्र
(4) गिरिधर

**149.** निम्नलिखित में भौंरा का पर्यायवाची नहीं है :

(1) मनोभव
(2) षट्पद
(3) मधुप
(4) मधुकर

**150.** निम्नलिखित विलोमार्थी शब्द-युग्मों में असंगत है

(1) कुटिल - सरल
(2) जीवित - मृत
(3) आविर्भाव - प्रादुर्भाव
(4) आगत - निर्गत